हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 27 मई 2026
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 ग्रामीण क्षेत्रों में लो-वोल्टेज एवं विद्युत कटौती से राहत के लिए आपस में जोड़े जाएंगे विद्युत उपकेंद्र








## खबर संक्षेप

### ईद उल जुहा का अवकाश अब 28 को, संशोधित अधिसूचना जारी

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने ईद-उल-जुहा (बकरीद) के अनिवार्य सार्वजनिक अवकाश की तिथि में आंशिक संशोधन किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मंगलवार को इस संबंध में संशोधित अधिसूचना जारी कर दी गई है। पूर्व में जारी अधिसूचना के तहत ईद-उल-जुहा (बकरीद) का सार्वजनिक अवकाश 27 मई, बुधवार को घोषित किया गया था। राज्य शासन ने उक्त आदेश में संशोधन करते हुए बकरीद का सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश 27 मई के स्थान पर 28 मई गुरुवार को घोषित किया है। पूर्व निर्धारित तिथि यानी 27 मई को अब सामान्य कार्य दिवस रहेगा।

### मोर मकान-मोर आस अंतर्गत 177 आवासों का आबंटन 1 जून

**अम्बिकापुर।** नगर पालिक निगम आयुक्त डीएन कश्यप से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुभाषनगर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के घटक मोर मकान-मोर आस अंतर्गत माता राजमोहनी देवी भवन में 1 जून को सुबह 11 बजे से शेष बचे 177 आवासों का हितग्राहियों को लाटरी पद्धति से आबंटन किया जाएगा। बता दें प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत शासन से कुल 493 आवासों की स्वीकृति मिली थी। जिसमें पूर्व में 316 आवासों का आबंटन किया जा चुका है। इस योजना के तहत शहरी क्षेत्र में 31 अगस्त 2015 के पूर्व निवासरत एवं केंद्र एवं राज्य सरकार के दिशा निर्देश अनुसार गरीब, मजदूर, दिहाड़ी, आवासहीन एवं भूमिहीन लोगों को शामिल किया गया है।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु आवेदन 31 जुलाई तक

**अम्बिकापुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिले के ऐसे बालक-बालिकाएं जिन्होंने बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला और संस्कृति एवं नवाचार के क्षेत्र में असाधारण क्षमता और उपलब्धि प्राप्त की है जो कि राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हो, उन्हें प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया जाना है। जिसके लिए पात्र बालक एवं बालिकाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु ऑनलाइन पोर्टल पर 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। इस हेतु आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, आवेदक भारतीय नागरिक हो, प्राप्त उपलब्धि आवेदन करने की अंतिम तिथि से दो वर्ष के भीतर होनी चाहिए, आवेदक को उक्त समान श्रेणी में पूर्व में पुरस्कार प्राप्त नहीं हुआ हो।

## पीसीसी अध्यक्ष क्रमिक भूख हड़ताल, सिंहदेव आमरण अनशन पर

# शिवनंदनपुर पंचायत चुनाव ने बढ़ाया सियासी पारा, एक मंच पर आए दिग्गज कांग्रेस नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सूरजपुर जिले के बिश्रामपुर में नगर पंचायत शिवनंदनपुर में हो रहे चुनाव ने नौतपा के बीच प्रदेशभर की सियासत को गर्म कर दिया है। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन पर आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत दर्ज किए गए अपराध को लेकर कांग्रेस ने अब मोर्चा खोलते हुए अनिश्चितकालीन आन्दोलन की शुरुआत कर दी है। इस आन्दोलन ने प्रदेश के बड़े नेताओं पूर्व सीएम भूपेश बघेल और पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को एक मंच पर लाकर खड़ा कर दिया है। वर्षों बाद एक बार फिर से कांग्रेस एकजुट नजर आ रही है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठ चुके हैं वहीं पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने आमरण अनशन की शुरुआत कर दी है।

**जब एक साथ नजर आए दो दिग्गजः** मंगलवार को बिश्रामपुर में एक ऐसा ही नजारा देखने को मिला जो कभी 2018 में चुनाव के दौरान देखने को मिलता था। पूर्व सीएम भूपेश बघेल और पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव एक साथ एक मंच पर नजर आए। इतना ही नहीं पहले की तरह पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कार चलाई और पूर्व सीएम श्री बघेल उनकी बगल में बैठे। चुनाव व आन्दोलन के बहाने कांग्रेस पार्टी एकजुट हो गई और सभी कार्यकर्ता एक बार फिर से एक साथ नजर आ रहे थे। एकजुटता को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि हम हमेशा से एक साथ है, समय और परिस्थिति ⏭ शेष पेज 3 पर


धरना-प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस नेता।

### प्रजातांत्रिक व्यवस्था की रक्षा के लिए निर्णय : सिंहदेव

पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि सूरजपुर जिले के शिवनन्दनपुर नगर पंचायत चुनाव के दौरान कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के समक्ष जानकारी दी और शिकायत दर्ज कराई की हमारे वरिष्ठ कार्यकर्ता के खिलाफ आर्म्स एक्ट का फर्जी केस दर्ज किया गया है ताकि वे चुनाव प्रचार ना कर पाएं। प्रदेश अध्यक्ष ने सम्बंधित अधिकारियों से संपर्क कर बोला की यदि तथ्य है और गलत काम किया है तो कारवाई करिए, हम कुछ नहीं कहेंगे। अगर नहीं तो किसी के कहने पर गंभीर एक्ट के तहत केस दर्ज कर देंगे तो व्यक्ति चुनाव प्रचार में शामिल नहीं हो पाएगा और उस पर गिरफ्तारी की तलवार लटकती ⏭ शेष पेज 3 पर

### होनी चाहिए निष्पक्ष जांच : बघेल

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भाजपा सरकार को सीधे निशाने पर लेते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में लोकतांत्रिक व्यवस्था को कुचलने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में विपक्ष के नेताओं को बिना ठोस साक्ष्य के गंभीर धाराओं में फंसाया जाए, वहां लोकतंत्र खतरे में है। उन्होंने कहा कि अगर किसी व्यक्ति पर इतना गंभीर आरोप लगाया गया है तो पुलिस को पहले निष्पक्ष जांच करनी चाहिए थी। सीसीटीवी फुटेज देखने के बजाय सीधे आर्म्स एक्ट लगा दिया गया। यह न्याय नहीं, राजनीतिक प्रतिशोध है। भाजपा प्रशासन का उपयोग विपक्ष को डराने के लिए कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि कांग्रेस हर स्तर पर संघर्ष करेगी और किसी भी कार्यकर्ता को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा।

### समर्थन में गुदरी सब्जी मंडी रही बंद

मंगलवार को धरना प्रदर्शन के समर्थन में गुदरी मंडी के सब्जी व्यवसाइयों ने एक दिनी अपनी दुकाने बंद कर धरना स्थल पर विरोध करने पहुंचे, अब तक तीन सूत्रीय मांगें पूरी नहीं होने से नाराज टीएस सिंहदेव ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से चर्चा पश्चात अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करने की घोषणा कर दी है। साथ ही पूर्व सीएम भूपेश बघेल, दीपक बैज के साथ जिला पदाधिकारी नरेन्द्र जैन के परिजन से मिलने उनके निवास भी पहुंचे।

### बघेल व सिंहदेव ने प्रत्याशी के साथ किया रोड शो

भूपेश बघेल, दीपक बैज व टीएस सिंहदेव ने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी संजय सोनी को साथ लेकर मेन मार्केट शिवनन्दनपुर में रोड शो निकाला तथा कांग्रेस उम्मीदवारों को वोट देने की आह्वन किया। रोड शो अम्बेडकर चौक से वापस बस स्टैंड बिश्रामपुर पहुंच कर यहां पर आमसभा आयोजित की गई।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# युवक को आत्म हत्या के लिए किया उत्प्रेरित, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ शादी कार्यक्रम में की थी मारपीट

युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने युवक को सामाजिक कार्यक्रम में बेइज्जत करने, मारपीट कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सरगवां पतरापारा में 25 वर्षीय रुकचंद नागेश आ. अमर साय नागेश ने गांव में पीपल पेड़ में ड्रीप पाईप से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की गई। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि 27 अप्रैल को गांव में पंडा नामक व्यक्ति के विवाह का मंडप कार्यक्रम था। मंडप कार्यक्रम में गांव के लोग डीजे बजकर नाच रहे थे। समारोह के दौरान रात लगभग एक बजे मृतक रुकचंद की मां कलिबासो को गांव के रामप्रसाद, राजनाथ और अजीत ने साथ में नाचने के लिए बोला जिसका मृतक ने विरोध किया। इसी बात को लेकर तीनों युवकों ने रुकचंद के साथ मारपीट की। इस घटना से दुस्खी खोकर युवक रोते हुए रात 3 बजे घर गया और घटना की जानकारी अपनी बहन सुमरी नागेश को दिया। इसके बाद युवक ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। जांच के बाद पुलिस ने मामले में सरगवां निवासी 28 वर्षीय राम प्रसाद उर्फ़ रित्रा आ. मुन्ना राम, 32 वर्षीय अजीत कुमार आ. शिव प्रसाद यादव व 40 वर्षीय राजनाथ तिर्की आ. नानसाय को बीएनएस की धारा 108, 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

इस कार्रवाई में गांधीनगर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी, उनि दिलीप दुबे, प्रधान आरक्षक इमरान गालिब, सैनिक रोशन गुप्ता सक्रिय रहे।

# एनएच 130 पर ढाबा किनारे खड़े ट्राला में घुसा तेज रफ्तार पिकअप

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

■ वाहन मालिक की मौत, घंटों मशक्कत के बाद निकाला गया शव

मगंलवार की अल सुबह एनएच 130 पर तेज रफ्तार पिकअप ढाबा किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। टक्कर इनती जोरदार थी कि चालक के बगल में बैठा वाहन मालिक बुरी तरह से फंस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। लगभग तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस द्वारा शव को बाहर निकाला गया। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूएन 5108 से वाहन मालिक मूलतः बिहार हाल मुकाम रायपुर रामनगर गुढ़ीयारी निवासी खुर्शी आलम अपने जीजा गुलाम मोहम्मद के साथ रायपुर से आम लोड कर बिहार के छपरा जाने के लिए निकला था। पिअकप वाहन को जीजा गुलाम मोहम्मद चला रहा था। संभावना जताई जा रही है कि भोर में लगभग 5.30 बजे चालक ने किसी वाहन को साइड देने के चक्कर में या फिर ओवर टेक के चक्कर में वाहन से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार पिकअप एनएच 130 पर डांडगांव प्रिंस ढाबा के सामने खड़े ट्राला से टकरा गया। टक्कर के बाद पिकअप के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में चालक के बगल में बैठे वाहन मालिक की सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गई जबकि चालक को मामूली चोट आई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि खुर्शी आलम का शव केबिन में ही बुरी तरह से फंस गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा गैस कटर के माध्यम से वाहन की बॉडी को काटकर शव को बाहर निकाला गया। इस घटना में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है। थाना प्रभारी उदयपुर शिशिरकांत सिंह ने बताया कि तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर ढाबा किनारे खड़े वाहन से टकरा गया। इस हादसे में चालक के बगल में बैठे वाहन मालिक की मौत हो गई। शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। घटना की जांच चल रही है।




# अवैध रूप से भंडारित पेट्रोल, डीजल एवं पीडीएस चावल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशन में जिले में आवश्यक वस्तुओं के अवैध भंडारण एवं कालाबाजारी के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अपर कलेक्टर चेतन बोरघरिया के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम द्वारा ग्राम राधाकृष्णनगर में कार्रवाई करते हुए एमएस महामाया किराना एंड जनरल स्टोर में अवैध रूप से भंडारित डीजल, पेट्रोल एवं पीडीएस चावल जप्त किया गया।

जांच के दौरान दुकान संचालक अशोक डे की दुकान में 2 ड्रम में लगभग 400 लीटर डीजल, 4 गैलन में लगभग 70 लीटर पेट्रोल तथा लगभग 32 बोरी पीडीएस चावल अवैध रूप से भंडारित पाया गया। प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए उक्त सामग्री को जब्त कर चौकी गणेश मोड को सुपुर्द किया गया। साथ ही प्रकरण दर्ज कर कारवाई की जा रही है। गौरतलब है कि कलेक्टर के निर्देशन में जिले में अवैध भंडारण, कालाबाजारी एवं आवश्यक वस्तुओं के अनियमित भंडारण के विरुद्ध सतत निगरानी एवं कार्रवाई जारी है।

अपर कलेक्टर ने कहा है कि आवश्यक वस्तुओं के अवैध भंडारण, कालाबाजारी एवं अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान नायब तहसीदार रवि भोजवानी सहित संयुक्त टीम मौजूद रहे।



# कूदरगढ़ क्षेत्र के जंगल में मिला नर कंकाल, पुत्र ने की मृतक की पहचान

■ फरवरी 2025 से लापता था ग्रामीण, जांच में जुटी पुलिस

**अंबिकापुर।** सूरजपुर जिले के कूदरगढ़ क्षेत्र के जंगल में एक नरकंकाल मिलने से सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है। मृतक की पहचान गोविन्दगढ़ निवासी ग्रामीण के रूप में की गई है जो लापता था। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के ओडगी थाना अंतर्गत कूदरगढ़ थाना क्षेत्र के कर्री-कुप्पी जंगल में ग्रामीणों ने एक नर कंकाल देखा था। गामीणों ने नर कंकाल की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने कंकाल को जब्त कर पीएम के लिए भेजा है और घटना की जांच चल रही है। फिलहाल पुलिस ने मृतक की पहचान गोविंदगढ़ निवासी बरनसाय राजवाड़े के रूप में की है जो फरवरी 2025 से लापता था और उसके पुत्र मिथलेश राजवाड़े ने गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई थी। मिथलेश राजवाड़े ने बनियान और अन्य कपड़ों के आधार पर मृतक की पहचान बरनसाय राजवाड़े के रूप में की है। ग्रामीण के मौत के कारणों अक पता नहीं चल सका है लेकिन भुख प्यास या जंगली जानवरो के हमले में मौत की आशंका जताई जा रही है। इस संबंध में एसडीओपी अभिषेक पैकरा ने बताया कि जंगल में नर कंकाल मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच कर रही है और मृतक की पहचान उसके पुत्र ने कपड़ों के आधार पर की है। कंकाल को पीएम के लिए भेजा गया है और घटना की जांच चल रही है। जांच के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



## लैब में सफाई की कमी, टूटी हुई थी कुर्सियां

# जेडी के निरीक्षण में स्वास्थ्य कर्मी नदारद, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मंगलवार को संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने सूरजपुर जिले के अंतर्गत आने वाले पीएचसी पंपापुर और धरमपुर के साथ ही बलरामपुर जिले के सीएचसी राजपुर और पीएचसी गोपालपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान पीएचसी पंपापुर में दवाइयां अस्त व्यस्त मिली। इसके साथ ही लैब में भी साफ सफाई की कमी पाई गई। अस्पताल के वेटिंग एरिया में कुर्सी व अन्य सामान टूटे-फूटे हालत में पाए गए।

इसके साथ ही अस्पताल में प्रभारी चिकित्सा सहायक राधेश्याम राजवाड़े एक दिन और नेत्र सहायक अधिकारी शाहिद हुसैन एक महीने से अनुपस्थित पाए गए जिसपर जेडी ने दोनों को कारण बताओं नोटिस जारी किया। वहीं धरमपुर पीएचसी में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान टीकाकरण कक्ष में इंजेक्शन व अन्य सामग्री अस्त व्यस्त पाया गया और सफाई का भी अभाव पाया गया। इस दौरान संस्था प्रभारी को निर्देश दिया की किसी भी कर्मचारी अवकाश स्वीकृति के उपरांत ही अवकाश पर जाने की अनुमति दी जाए। इसके साथ ही सभी अधिकारियों कर्मचारियों को अपने निर्धारित मुख्यालय में निवास करने कहा गया ताकि किसी अप्रिय घटना की स्थिति में आम जन को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके तथा किसी भी मरीज को स्वास्थ्य सुविधाएं रहते हुए उच्च संस्थान में अनावश्यक रेफर नहीं किए जाने हेतु जारी निर्देश किया गया है।



### बिना स्वीकृति के अवकाश पर गए कर्मचारी

संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने बलरामपुर जिले के सीएचसी राजपुर और पीएचसी गोपालपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान बिना स्वीकृति के अवकाश पर जाने वाले अधिकारी कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर के आकस्मिक निरीक्षण में दवाइयां का रखरखाव अव्यवस्थित पाया गया, संस्था में आईईसी मटेरियल कम पाया गया। आकस्मिक निरीक्षण में ज्ञात हुआ कि संस्था में पदस्थ दो स्टाफ नर्स को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर में संलग्न किया गया है इन्हें उनके मूल पद स्थापना स्थल में कार्मिक किए जाने हेतु खंड चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया है। सभी अनुपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया जा रहा है जवाब संतोषजनक नहीं अपने जाने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।




## खबर संक्षेप

### 4 लाख रूपए आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करने की दिशा में लगातार संवेदनशील पहल की जा रही है। इसी क्रम में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित एक परिवार को शासन की ओर से 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ तहसील निवासी स्वर्गीय ओमप्रकाश खैरवार की नदी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। घटना के उपरांत राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में संशोधित प्रावधानों के तहत प्रकरण तैयार कर शासन को भेजा गया। प्रकरण के परीक्षण उपरांत राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-6 (क) (1) के अंतर्गत मृतक के वारिस हरदेव खैरवार को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई।

### कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में प्रशासनिक कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों और जनशिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम, अपर कलेक्टर नम्रता डोंगरे, अनिल कुमार सिदार सहित सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, तहसीलदार एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त सभी आवेदनों का 30 दिनों के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

### सीएम से मिलकर जय और गौरी हुईं गदगद

**बैकुण्ठपुर।** सुशासन तिहार के अवसर पर विगत दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सोनहत जनपद पंचायत के ग्राम कुशहा के आकस्मिक निरीक्षण पर पहुंचे थे। जहां उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर योजनाओं की जानकारी ली, उनकी समस्याएं सुनीं तथा मांगों पर चर्चा की। हेलीकॉप्टर की आवाज जब कुशहा सहित आसपास के गांवों में सुनाई दी, तो ग्रामीण अपने छोटे बच्चों को लेकर मुख्यमंत्री को नजदीक से देखने के लिए कुशहा में लगे चौपाल स्थल पर पहुंचने लगे। ऑटो चालक दीदी के रूप में प्रसिद्ध ग्राम कुशहा निवासी जय कुमारी एवं ग्राम अकला सरई निवासी गौरी दुबे ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। जय कुमारी ने बताया कि उन्होंने 12 वीं तक पढ़ाई की है तथा वे मछली और मुर्गी पालन का कार्य भी करती हैं। वहीं गौरी दुबे के तीन बच्चे हैं और उनके पति का निधन हो चुका है। ऑटो चलाने से पहले वे खेती-बाड़ी का काम करती थीं। इन महिलाओं ने बताया कि वे इलेक्ट्रिक ऑटो से हर माह लगभग 5 से 7 हजार रूपए की आय अर्जित कर लेती हैं।

### दिव्यांग को मिला मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल



**मनेन्द्रगढ़।** राज्य में चल रहे सुशासन तिहार के बीच जिले में प्रशासन की संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई का एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है। साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे 85 प्रतिशत दिव्यांग हितग्राही छोटेलाल को कलेक्टर के निर्देश पर मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराने की प्रक्रिया तत्काल शुरू कर दी गई है। जनपद पंचायत भरतपुर के दूरस्थ ग्राम जामथान (पोस्ट कॅजिया) निवासी 55 वर्षीय छोटेलाल अपने आवेदन के साथ जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने कलेक्टर से निवेदन किया कि शारीरिक असमर्थता के कारण उन्हें आवागमन में भारी परेशानी होती है, इसलिए उन्हें मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई जाए। हितग्राही की बात सुनते ही कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

---

### कोरिया पुलिस ने किया सकुशल बरामद, आरोपी जेल भेजा गया

# नाबालिग बालिका का अपहरण अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय आरोपी को गिरफ्तार कर बालिका को सकुशल बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार थाना पटना क्षेत्र से 13 वर्षीय नाबालिग बालिका का अपहरण कर आरोपी उसे अपने साथ भगा ले गया था। मामले में आरोपी की पहचान मनीष सिंह पिता शैलेश सिंह निवासी राजस्थान के रूप में हुई।



आरोपी।

घटना की सूचना मिलते ही थाना पटना पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों एवं पतासाजी के आधार पर कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग बालिका को अनूपपुर क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया तथा आरोपी मनीष सिंह को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को विधिवत कार्रवाई के बाद न्यायालय बैकुंठपुर में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया। कोरिया पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा महिला एवं बाल सुरक्षा संबंधी सूचना मिलने पर तत्काल निकटतम थाना, पुलिस कंट्रोल रूम या महिला हेल्पलाइन 112 पर सूचना दें।

### बाइक चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

कोरिया पुलिस ने मोटरसायकल चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी गई बाइक बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम टेंगनी थाना पटना निवासी विनोद सिंह ने थाना पटना में शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनकी मोटरसायकल चोरी कर ली गई है। मामले में थाना पटना में अपराध क्रमांक 145/2026 धारा 331, 303 (2), 54 भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना पटना पुलिस ने त्वरित पतासाजी करते हुए संदेहियों से पूछताछ की। जांच के दौरान पुलिस ने मुकेश साहू निवासी गिरजापुर तथा अक्षय कुमार निवासी ग्राम गुंगरा थाना सूरजपुर को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की मोटरसायकल भी बरामद कर ली गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय बैकुंठपुर में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रमोद पांडे, बालकृष्ण राजवाड़े, संदीप साय एवं सुरेन्द्र सिंह की विशेष भूमिका रही।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# संत सुरक्षा नीति और उच्च स्तरीय जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

■ गृहमंत्री के नाम एसडीएम कार्यालय में दिया ज्ञापन

श्री सकल दिगंबर जैन समाज चिरमिरी द्वारा विहाररत जैन साधु-संतों की सुरक्षा व्यवस्था, राष्टÑीय संत सुरक्षा नीति लागू करने तथा आर्यिका माताजी दुर्घटना प्रकरण की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर स्थानीय एसडीएम कार्यालय में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

सौंपे गए ज्ञापन में जैन समाज ने कहा कि हाल ही में विहाररत जैन आर्यिका माताजी के साथ हुई दुखद घटना में संघ की पूज्य आर्यिकाओं का असामयिक निधन हो गया। समाज ने कहा कि यह घटना केवल सड़क दुर्घटना नहीं मानी जा सकती, क्योंकि उपलब्ध तथ्यों एवं वीडियो के आधार पर समाज में गहरी आशंका और चिंता का वातावरण बना हुआ है। ऐसे में मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच आवश्यक है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि जैन साधु-संत पूर्णतः निहत्थे, अहिंसक एवं पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते हैं। वे किसी प्रकार की सुरक्षा या सुविधाओं का उपयोग नहीं करते तथा समाज में शांति, संयम और अहिंसा का संदेश प्रसारित करते हैं। इसके बावजूद लगातार बढ़ती दुर्घटनाएं और हमले समाज के लिए चिंता का विषय हैं। जैन समाज ने मांग की कि प्रकरण की न्यायिक जांच कराई जाए, घटना से संबंधित सभी वीडियो एवं डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखा जाए तथा दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। यदि जांच में सुनियोजित षड़यंत्र के तथ्य सामने आते हैं तो कड़ी धाराएं लगाई जाएं, इसके साथ ही विहार मार्गों पर प्रशासनिक समन्वय, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस सहयोग, ट्रैफिक नियंत्रण तथा पैदल विहार करने वाले संतों के लिए राष्टÑीय स्तर की सुरक्षा गाइडलाइन और संत सुरक्षा नीति बनाने की मांग भी की गई। इस दौरान रीत जैन, शिवांश जैन, आशीष जैन, भरतेश जैन, राकेश जैन, संजय जैन सहित काफी संख्या में समाज के लोग एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।



ज्ञापन सौंपते समाज के लोग।

# गंगा दशहरा पर जल स्त्रोतों की हुई सफाई



**अनूपपुर।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर विशेष श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में जिले केजनपद पंचायत अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी एवं पुष्पराजगढ़ क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं संरक्षण के लिए सामूहिक श्रमदान किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा ग्रामीणों ने भागीदारी निभाई। श्रमदान के दौरान पुरानी जल संग्रहण संरचनाओं, बावड़ियों, तालाबों एवं घाटों की साफ-सफाई कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। प्रशासन द्वारा बताया गया कि इस पहल का उद्देश्य पारंपरिक जल स्त्रोतों को संरक्षित करना तथा लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।

### कल रहेगा बकरीद का अवकाश

**बैकुण्ठपुर।** छग शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने ईद-उल-जुहा (बकरीद) के अवसर पर घोषित सार्वजनिक अवकाश की तारीख में संशोधन किया है। मंत्रालय महानदी भवन से जारी अधिसूचना के अनुसार पहले 27 मई बुधवार को घोषित अवकाश अब 28 मई गुरूवार को रहेगा। विभाग द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि पूर्व में 6 नवंबर 2025 को जारी अधिसूचना में वर्ष 2026 के सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाशों की सूची घोषित की गई थी। इसमें बकरीद के लिए 27 मई को अवकाश निर्धारित किया गया था। अब पर्व की संभावित तिथि को देखते हुए राज्य शासन ने आंशिक संशोधन करते हुए अवकाश की नई तिथि 28 मई घोषित की है। राज्य शासन के इस निर्णय के बाद प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं अन्य सरकारी संस्थाओं में 28 मई को सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

# 18 हजार से ज्यादा श्रमिक कर रहे काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ जल संरक्षण कार्यों को दिया जा रहा विशेष महत्व

आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए कोरिया जिले की सभी ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन से जुड़े कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। मनरेगा के तहत जिले में स्वीकृत 900 से अधिक श्रममूलक कार्यों में 18 हजार से ज्यादा पंजीकृत अकुशल श्रमिक प्रतिदिन रोजगार प्राप्त कर रहे हैं।

इन कार्यों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशन में सभी ग्राम पंचायतों में पर्याप्त संख्या में श्रममूलक कार्य स्वीकृत किए गए हैं, ताकि काम मांगने वाले प्रत्येक श्रमिक परिवार को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके।



मनरेगा, जो आगामी जुलाई माह से वीबी जीरामजी योजना के नाम से जानी जाएगी के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण और जल संवर्धन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है। जिले में 18 से अधिक नवा तरिया एवं तालाब पुनरूद्धार कार्य प्रगति पर हैं, इसके अलावा कंटूर ट्रेंच, डबरी और सीसीटी जैसे 100 से अधिक कार्यों को 15 जून से पहले पूर्ण करने के लक्ष्य के साथ तेजी से कराया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार आगामी 15 जून से पहले सभी मिट्टी कार्यों को अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने के लिए कार्ययोजना बनाकर तेजी से कार्य कराया जा रहा है। जिले की सभी 163 ग्राम पंचायतों में श्रमिकों की संख्या के अनुसार कार्य स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बैकुंठपुर जनपद क्षेत्र में प्रतिदिन 9 हजार 500 से अधिक तथा सोनहत जनपद क्षेत्र में 8 हजार 500 से अधिक पंजीकृत श्रमिक कार्य कर रहे हैं। जिला पंचायत द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार केन्द्र से राशि प्राप्त होते ही जिले के श्रमिकों के खातों में लंबित मजदूरी भुगतान सीधे डीबीटी माध्यम से किया गया है। बीते एक सप्ताह में लगभग 15 करोड़ रूपए से अधिक की मजदूरी राशि श्रमिकों के खातों में जमा कराई जा चुकी है।

# भाजपा का जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत भाजपा कोरिया जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 27 एवं 28 मई को होटल गंगा श्री बैकुंठपुर में किया जाएगा।

यह प्रशिक्षण वर्ग पूर्णतः आवासीय होगा, जिसमें जिले के अपेक्षित पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश संगठन से नियुक्त वक्ताओं द्वारा संगठनात्मक, वैचारिक, तकनीकी एवं सामाजिक विषयों पर विभिन्न सत्रों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिवस की शुरूआत अतिथियों के आगमन, ध्वजारोहण, दीप प्रज्जवलित एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण के साथ होगी। इसके पश्चात उद्घाटन सत्र में प्रशिक्षण वर्ग की आवश्यकता, संगठन की भूमिका एवं कार्यकर्ता निर्माण विषय पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। दोपहर के सत्रों में कार्यपद्धति विषय पर चर्चा होगी। वहीं कार्यकर्ता निर्माण और वैचारिक सोच विषय पर संवाद आयोजित किया जाएगा। शाम के व्यावहारिक सत्र में सामाजिक संपर्क, सोशल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं आधुनिक तकनीक का उपयोग, मीडिया प्रबंधन, विचार लेखन एवं प्रभावी संवाद जैसे विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।

प्रथम दिवस में रात्रि भोजन के पश्चात कार्यकर्ताओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा तथा रात्रि में दीप निर्वाण होगा। दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः जागरण, योग एवं प्रार्थना के साथ होगी। इसके बाद समय प्रबंधन, मंच संचालन, मन की बात एवं आईटी विषय पर सत्र आयोजित किया जाएगा। प्रदेश सह संयोजक आईटी सेल द्वारा सोशल मीडिया एवं अक के प्रभावी उपयोग पर भी मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसके पश्चात छग का इतिहास एवं विकास विषय पर जानकारी दी जाएगी। वहीं मीडिया प्रबंधन एवं सोशल मीडिया विभाग से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी। विचार परिवार विषय पर भी विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। अंतिम चरण में राष्टÑ के समक्ष चुनौतियां राजनीतिक एवं वैचारिक विषय पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। समापन सत्र में हमारा संवैधानिक अभियान एकात्म मानववाद, अंत्योदय एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत विषय पर विस्तार से चर्चा होगी। साथ ही कार्यकर्ताओं को आगामी संगठनात्मक योजनाओं एवं विस्तार कार्यों के संबंध में दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

### अग्निवीर भर्ती परीक्षा परिणाम घोषित

**बैकुण्ठपुर।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार जनवरी माह में धमतरी छग में आयोजित भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती परीक्षा के विभिन्न पदों का परिणाम 25 मई को घोषित कर दिया गया है। भर्ती प्रक्रिया में छग के कुल 1163 युवाओं ने सफलता हासिल की है। जारी सूचना के अनुसार परीक्षा परिणाम भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट तथा सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध कराया गया है। जिले के सफल अभ्यर्थियों को 28 मई को प्रातः 7 बजे अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम नया रायपुर के पास स्थित सेना भर्ती कार्यालय रायपुर में प्रारंभिक निर्देशों के लिए उपस्थित होने कहा गया है।

# पीएमईजीपी योजना से युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राज्य स्तरीय सुशासन तिहार के अंतर्गत मंगलवार को बैकुंठपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत फूलपुर में क्लस्टर स्तरीय शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में 15 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण एवं युवाओं ने भाग लिया। इस दौरान उद्योग विभाग के जिला प्रबंधक ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) की जानकारी देते हुए युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सूक्ष्म उद्यम स्थापित कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। योजना के तहत विनिर्माण क्षेत्र के लिए अधिकतम 50 लाख रूपए तथा सेवा क्षेत्र के लिए 20 लाख रूपए तक की परियोजनाओं के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाता है। शिविर में बताया गया कि सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को ग्रामीण क्षेत्रों में 25 प्रतिशत एवं शहरी क्षेत्रों में 15 प्रतिशत तक अनुदान मिलेगा। वहीं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला, भूतपूर्व सैनिक एवं दिव्यांग श्रेणी के हितग्राहियों को ग्रामीण क्षेत्रों में 35 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्रों में 25 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जाएगी। योजना के अंतर्गत बैंक परियोजना लागत का 90 से 95 प्रतिशत तक ऋण स्वीकृत करेगी। सामान्य वर्ग के आवेदकों को परियोजना लागतका 10 प्रतिशत तथा विशेष श्रेणी के लाभार्थियों को केवल 5 प्रतिशत स्वयं का अंशदान देना होगा। अधिकारियों ने बताया कि इच्छुक आवेदक खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ आधार कार्ड, पासपोर्ट फोटो, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं परियोजना प्रतिवेदन सहित आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य होगा।

### किसानों को एग्रीस्टेक पंजीयन व जल संरक्षण के लिए किया प्रेरित

# जनसमस्या निवारण शिविर में 180 आवेदन, 32 मामले निराकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप जिले में सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत लगातार जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को बैकुंठपुर जनपद पंचायत के ग्राम फूलपुर में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में क्लस्टरवार 15 गांवों के ग्रामीण काफी संख्या में शामिल हुए और शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत भी किए। शिविर में कुल 180 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से 32 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र। हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। बैकुंठपुर विधानसभा के विधायक भईयालाल राजवाड़े ने आंगनबाड़ी भवन, प्रधानमंत्री आवास, वन, खनिज, बिजली, राजस्व, खाद्य एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से योजनाओं और कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को लंबित कार्य समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। विधायक श्री राजवाड़े ने कहा कि आम नागरिकों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसी उद्देश्य से सुशासन तिहार के तहत गांव-गांव और वार्डों में शिविर लगाए जा रहे हैं, जहां समस्याएं सुनी भी जा रही हैं और उनका निराकरण भी किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने ग्रामीणों से भीषण गर्मी के दौरान स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी का कार्य शीघ्र शुरू होने वाला है, इसलिए सभी किसान भाई-बहन एग्रीस्टेक पंजीयन अवश्य कराएं। कलेक्टर ने मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत वर्षा जल संरक्षण के लिए घरों, खेतों और बाड़ियों में सोख्ता गड्ढों का निर्माण कराने की अपील की, ताकि भू-जल स्तर में वृद्धि हो सके। उन्होंने किसानों से धान के साथ दलहन, तिलहन एवं उद्यानिकी फसलों की खेती अपनाने का भी आग्रह किया।








# गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने बिखेरे लोक संस्कृति के रंग

**बैकुण्ठपुर।** झुमका बांध के नवनिर्मित ओपन थियेटर में आयोजित भाषा, साहित्य और कला के महोत्सव जश्न-ए-जबान में सांस्कृतिक रंगों की मनमोहक छटा बिखरी। कार्यक्रम में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर की छात्राओं ने अपनी जीवंत प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वयंसेविकाओं ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में लोक संस्कृति की शानदार प्रस्तुति दी। शनिवार की शाम झुमका बांध के शांत वातावरण और खुले आसमान के नीचे जब छात्राएं मंच पर उतरीं, तो पूरा परिसर लोक संस्कृति के रंग में रंग गया। छात्राओं ने छग के प्रसिद्ध लोक नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ओपन थियेटर की आकर्षक रोशनी, प्राकृतिक सौंदर्य और छात्राओं के सधे हुए कदमों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

## खबर संक्षेप

### सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग व्यवस्था ने लाखों छात्रों का भविष्य किया बर्बाद



**अम्बिकापुर।** कांग्रेस कमेटी, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने कहा है कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में लागू की गई ऑन-स्क्रीन मार्किंग व्यवस्था देशभर के लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ किया गया एक बड़ा अन्याय साबित हुई है। इस अव्यवस्थित और बिना तैयारी के लागू किए गए सिस्टम ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को भारी मानसिक तनाव और असुरक्षा की स्थिति में ला खड़ा किया है। जब पूरा देश इस शिक्षा व्यवस्था की विफलता पर सवाल उठा रहा है, तब शिक्षा मंत्री एक सप्ताह से अधिक समय तक मौन साधे बैठे रहे। अब जब मामला राष्ट्रीय स्तर पर उजागर हो चुका है, तब भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर को शामिल कर स्वयं को समस्या का समाधानकर्ता बताने की कोशिश की जा रही है। केंद्र सरकार की शिक्षा नीति लगातार अव्यवस्था, असंवेदनशीलता और विफलताओं का प्रतीक बन चुकी है। छात्रों के भविष्य के साथ इस प्रकार का खिलवाड़ किसी भी लोकतांत्रिक सरकार के लिए शर्मनाक है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** महिला ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन महिला को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम तेलाईकछार निवासी मीना प्रजापति पति संतलाल (29 वर्ष) 23 मई को परिजन के साथ थी जबकि पति राजमिस्त्री का काम करने विश्रामपुर गया था। रात को पति घर लौटा तो पत्नी भोजन करने की बात कही जिस पर पति ने जहां काम करने गया था वहीं भोजन कर लेने की बात कही। कुछ समय बाद पत्नी कमरे से बाहर चली गई। काफी देर बाद भी नहीं लौटी तो पति बाहर निकला गया तो देखा बाहर से दरवाजा बंद था। पति गलियारे के दूसरे दरवाजे से बाड़ी में गया तो देखा कुआं के पास पत्नी मुंह धो रही थी। पति ने पूछताछ की लेकिन पत्नी दूसरे कमरे में चली गई जहां कीटनाशक पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे विश्रामपुर अस्पताल से सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पति ने पुलिस को बताया कि 12 साल पहले प्रेम विवाह किया था और कोई संतान नहीं है। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### तबीयत बिगड़ने से गंभीर वृद्ध की गई जान

**अम्बिकापुर।** बीपी से पीड़ित वृद्ध की अचानक तबियत बिगड़ने से गंभीर हो गया। परिजन वृद्ध को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। गांधीनगर वार्ड क्रमांक 1 निवासी सूरज देव आ. स्व. फुलसाय (70 वर्ष) पिछले चार साल से बीपी से पीड़ित था जिसका निजी क्लीनिक में इलाज चल रहा था। गत दिन सुबह अचानक तबीयत बिगड़ गई और दोपहर 2 बजे शौचालय से आने के पश्चात बेचैनी हो गए। इधर वृद्ध की तबीयत अचानक खराब हो जाने पर परिजन तत्काल संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। वृद्ध की संदिग्ध हालत में मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

कैबिनेट मंत्री ने बस को दिखाई हरीझंडी

# ओजस्वी सरगुजा के तहत नीट जेईई की तैयारी हेतु छात्र छात्राएं रायपुर रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



ओजस्वी सरगुजा योजना के अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को नीट एवं जेईई की तैयारी हेतु रायपुर भेजा जा रहा है। यह पहल जिला खनिज संस्थान न्यास के वित्तीय सहयोग से संचालित होगी। सोमवार को विद्यार्थियों एवं पालकों को रायपुर ले जाने वाली 3 बसों को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि यह अवसर केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सरगुजा जिले के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला रखने का ऐतिहासिक क्षण है। मुझे अत्यंत प्रसन्नता एवं गर्व हो रहा है कि ओजस्वी सरगुजा जैसी दूरदर्शी परिकल्पना आज वास्तविक स्वरूप ले रही है। आज जिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को नीट एवं जेईई जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु रायपुर भेजा जा रहा है, वे आने वाले समय में न केवल अपने परिवार और जिले का नाम रोशन करेंगे, बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य की प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस दौरान कलेक्टर अजीत वसंत ने ओजस्वी सरगुजा के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। छात्र-छात्राओं का चयन कक्षा 10 वीं के बोर्ड परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर किया गया है। कोचिंग हेतु कुल 50 पात्र छात्र-छात्राओं को जिला प्रशासन सरगुजा द्वारा चयन किया गया है। चयन प्रक्रिया उपरांत 50 चयनित विद्यार्थियों के अतिरिक्त विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग की कुल 5 विद्यार्थियों का मेरिट के आधार पर चयन किया गया। इस दौरान जिपं सीईओ विनय अग्रवाल, डीईओ दिनेश झा सहित चयनित विद्यार्थी एवं पालक उपस्थित रहे।



## आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने एनएच 343 पर चक्का जाम किया स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

■ एसडीएम की मौजूदगी में हुई बैठक, नियमित पानी छिड़काव करने की कही बात

एनएच 343 निर्माण कार्य की धीमी गति और उड़ती धूल से परेशान लोगों द्वारा बरियों बस स्टैंड में किए जाने वाले चक्का जाम को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। चेतावनी के बाद एसडीएम देवेन्द्र प्रधान, नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर की मौजूदगी में एनएच के अधिकारियों, ग्रामीणों और व्यवसायियों की बैठक आयोजित की गई। बता दें कि एनएच-343 सड़क में उड़ती धूल और निर्माण कार्य की धीमी गति को लेकर बघिमा, बरियों, चारपारा और ककना के ग्रामीणों व व्यवसायियों ने एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा था। बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि निर्माणाधीन सड़क पर भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण पूरे क्षेत्र में दिनभर धूल का गुबार बना रहता है। सड़क किनारे स्थित घरों, दुकानों और स्कूलों में रहना मुश्किल हो गया है। धूल के कारण बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सांस संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने भी कहा कि धूल प्रदूषण की वजह से ग्राहक दुकानों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है। बैठक में ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण एजेंसी द्वारा नियमित पानी का छिड़काव नहीं कराया जा रहा है। कई बार शिकायत के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो क्षेत्र में जनआंदोलन और तेज किया जाएगा। ग्रामीणों और व्यापारियों के कड़े रुख को देखते हुए प्रशासन एवं एनएच विभाग के अधिकारियों ने तत्काल समाधान का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि निर्माणाधीन सड़क पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाएगा ताकि धूल प्रदूषण पर नियंत्रण पाया जा सके। साथ ही सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने की बात भी कही गई। प्रशासन और एनएच विभाग के आश्वासन के बाद ग्रामीणों एवं व्यापारियों ने 27 मई को प्रस्तावित चक्काजाम को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया। हालांकि ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि अधिकारियों द्वारा दिए गए आश्वासनों पर अमल नहीं हुआ और पानी छिड़काव की व्यवस्था नियमित रूप से नहीं की गई, तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और निर्माण एजेंसी की होगी। इस दौरान मुकेश गुप्ता, जितेंद्र जायसवाल, बृजेश मिश्रा, संजय अग्रवाल, अजय अग्रवाल, सुनील जायसवाल, राकेश केशरी, सुरेश तिर्की, मुरारी श्रीवास्तव, वीरेंद्र श्रीवास्तव, अशोक सोनी, आशीष श्रीवास्तव, सुदर्शन, सुभाष सहित अन्य मौजूद थे।

## जरही-भटगांव के साहित्यकार पांडे राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित

■ मैहर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में मिला साहित्य सेवा सम्मान

**सोनगरा।** जिले के जरही-भटगांव क्षेत्र के साहित्यकार एवं ओजस्वी कवि जगन्नाथ पांडे ने एक बार फिर अपनी साहित्यिक प्रतिभा से क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। मध्यप्रदेश के पावन देवी धाम मैहर में आयोजित अखिल भारतीय वंदे मातरम कवि सम्मेलन में उन्हें उनके उत्कृष्ट साहित्यिक योगदान के लिए भव्य रूप से साहित्य सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत कवि जगन्नाथ पांडे की राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत ओजपूर्ण वंदे मातरम गीत मेरे भारत की शान पंक्तियों से हुई। इन पंक्तियों ने पूरे सभागार में राष्ट्रप्रेम और साहित्यिक चेतना का अद्भुत वातावरण निर्मित कर दिया। यह भव्य आयोजन कहानिका हिंदी पत्रिका एवं महिला कल्याण समिति ढोरी बोकारो के तत्वावधान में संस्था के संस्थापक एवं मुख्य संपादक श्याम कुवर भारती के संयोजन में मैहर स्थित ओंकार पैलेस में संपन्न हुआ। देशभर से पहुंचे साहित्यकारों और कवियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर की साहित्यिक गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम में काशी हिंदी विद्यापीठ वाराणसी के कुलसचिव इंद्रजीत तिवारी निर्भीक द्वारा साहित्यकारों को विद्या वाचस्पति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं क्षेत्र के कवि जगन्नाथ पांडे को द ग्राम टुडे प्रकाशक समूह द्वारा प्रतिष्ठित साहित्य समाजसेवी सम्मान प्रदान किया गया। विशेष बात यह रही कि उनकी धर्मपत्नी श्रीमती गायत्री पांडे को भी साहित्य और काव्य क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कहानिका मां शारदे काव्य महारथी सम्मान से सम्मानित किया गया। दंपति को मिले इस सम्मान ने पूरे सूरजपुर जिले को गौरवान्वित कर दिया। कार्यक्रम के दौरान अंबिकापुर की साहित्यकार श्रीमती पूनम दुबे सहित कई रचनाकारों की पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। द्वितीय सत्र में आयोजित विराट कवि सम्मेलन में जगन्नाथ पांडे, इंद्रजीत तिवारी, पूनम दुबे, गायत्री पांडे, ललित सिंह ठाकुर, राजेंद्र तिवारी, चिदानंद पांडे, श्याम कुमार भारती, आशा पांडे, भरत प्रजापति एवं राजेश तिवारी सहित अनेक कवियों ने राष्ट्रभक्ति, हास्य, गीत और ग़ज़लों की शानदार प्रस्तुतियों से श्रोताओं को देर रात तक मंत्रमुग्ध कर दिया।

## दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 साल कारावास

रायगढ़। नाबालिग से शादी का झांसा देकर उसे बहला फुसला कर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में न्यायालय ने 24 वर्षीय आरोपी युवक को 20 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इस प्रकरण के संबंध में लोक अभियोजक गोविंद नारायण दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि नाबालिग की मां ने 25 अगस्त 2025 को पुसौर थाने पहुंच कर अपनी नाबालिग बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता की मां ने बताया कि वे दोनों पति पत्नी रोजी मजदूरी करने के लिए गए थे, इसी बीच पीड़िता अपनी भाभी के साथ घर पर ही थी। किंतु पीड़िता अपनी भाभी से दुकान जाने की बात कहते हुए घर से निकली और वापस नहीं लौटी। इधर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने नाबालिग की पतासाजी शुरू की। इसी बीच 27 अगस्त को पीड़िता के पिता पीड़िता को थाने लेकर पहुंची, तब पुलिस ने उससे पूछताछ की।

## नपं क्षेत्र में नाली की उंचाई कम करने बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

■ सांसद की मौजूदगी में हुई बैठक



नगर पंचायत राजपुर में मुख्य मार्ग और आवासीय क्षेत्रों में बनाई जा रही नाली की अत्यधिक उंचाई से परेशान स्थानीय नागरिकों को आखिरकार बड़ी राहत मिल गई है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने तत्काल संज्ञान लिया और संबंधित विभाग व अधिकारियों को नाली की ऊंचाई कम कराने के निर्देश दिए।

विदित हो कि राजपुर में निर्माणाधीन नाली की ऊंचाई अधिक होने के कारण स्थानीय दुकानदारों, राहगीरों और मकान मालिकों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय लोगों ने इस समस्या से सांसद को अवगत कराया था। जनता की तकलीफ को देखते हुए सांसद ने विभागीय अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नाली की उंचाई को व्यवस्थित और सुगम बनाने के निर्देश दिए, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिली है। सांसद की इस सकारात्मक पहल से उत्साहित होकर राजपुर के नागरिकों ने स्थानीय रेस्ट हाउस में मुलाकात की। मुलाकात के पश्चात सांसद और उपस्थित नागरिकों ने एक साथ समूह में चर्चा की। नाली की उंचाई कम होने से अब मुख्य मार्ग का स्वरूप व्यवस्थित होगा और लोगों को अपने घरों व दुकानों में आने-जाने में कोई असुविधा नहीं होगी।

## मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में 6 फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़ ।** चक्रधरनगर पुलिस ने मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में 6 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। जिसमें मैरिज गार्डन के पास युवक से मारपीट मामले में फरार आरोपी तरणजीत भाठिया और बबलू महंत भी शामिल हैं। चक्रधरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिछले वर्ष 24-25 मई की रात विजयम उत्सव मैरिज गार्डन के पास युवक के साथ मारपीट की घटना हुई थी। जिसके संबंध में पीड़ित युवक ने चक्रधरनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस दौरान युवक ने बताया था कि 24 मई को वह अपनी दीदी के घर ग्राम लामीदरहा गया था। जहां से रात्रि लगभग 1:30 बजे लौटते समय विजयम उत्सव मैरिज गार्डन के पास कुछ लड़कों ने मोटरसाइकिल एवं स्कूटी से उसका रास्ता रोक लिया। आरोपियों में तरणजीत सिंह पिता रविन्द्र सिंह भाठिया, बबलू दास महंत पिता स्व० शंभू दास महंत, मनीष बिहारी, अंकुल ठाकुर एवं अन्य साथी शामिल थे। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए हथियारों से उसके साथ मारपीट की। ऐसे में वह किसी तरह जान बचाकर मौके से भागा और अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी।

## रंजिश को लेकर युवक के साथ मारपीट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** विवाह कार्यक्रम में शामिल होने गए युवक को पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही युवकों ने जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम घंघरी निवासी तुलेश्वर नागेश आ. नईहर साय (24 वर्ष) 22 मई को ग्राम गुजरवार निवासी पंडा नागेश के घर विवाह में गया था। इसी बीच कुछ लोग डांस कर रहे थे और वहीं लड़ाई कर रहे थे। तभी गांव के ही ईश्वर नागेश, नरेन्द्र नागेश, मनीष नागेश एवं डुमरडीह का ठिर्रा नागेश रात करीब 10.30आए और पुरानी रंजिश के बात को लेकर तुलेश्वर से गाली-गलौज करने लगे। जब तुलेश्वर ने मना किया तो सभी ने मिटर उसकी जमकर पिटाई कर दी। घटना का देख आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, दरिमा जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क./ / अ-21/25-26
ग्राम खाला तहसील दरिमा

**:: ईश्तहार ::**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि आवेदक संजय कुमार आ. नैईहर साय उर्फ नइहरसाय एवं अन्य 01 निवासी ग्राम खाला थाना व तहसील दरिमा जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व व अधिपत्य की ग्राम खाला तहसील दरिमा स्थित भूमि ख.न. 659/3, 660/3, 957/2 तथा 528/2 रकबा 0.008, 0.068, 0.073, 0.032 हे0 में से 45 डिसमिल भूमि को अनावेदकगण सुधा सिंह आ.मुरारी सिंह एवं अन्य एक निवासी ग्राम खाला थाना व तहसील दरिमा जिला-सरगुजा छ.ग. के पास विक्री करने की अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय, सरगुजा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किये हैं जो जो विन्दुवार जाँच कर जाँच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त है। अतः उपरोक्त संबध मे जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 05/06/2026 तक अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत किसी भी का दावा/आपत्ति प्राप्त होने पर इस पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा द्वारा जारी।

**नायब तहसीलदार**
**दरिमा**

ब-अदालत,
**अतिरिक्त मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, राँची।**

एम.ए.सी. संख्या-102 वर्ष 2025 एवं 670 वर्ष 2024
प्रिन्स वर्मा एवं अन्य ....... आवेदकगण।
बनाम
लक्ष्मण प्रसाद वगैरह ........ विपक्षीगण।

नोटिस बनाम:-
लक्ष्मण प्रसाद, पिता-देगलाल साव, रामानुजगंज छत्तीसगढ़ (वाहन संख्या CG30G2655 का मालिक)।

बजरिये इस नोटिस से आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 19-11-2024 को आपके वाहन संख्या CG30G2655 द्वारा सुमित कुमार, पिता- मणि विश्वकर्मा निवासी ग्राम-कृष्णा पूरी रोड न. 2 रेड़मा थाना-मेदनीनगर, जिला- पलामू 822102 राज्य- झारखण्ड, की मृत्यु हुई एवं प्रिन्स कुमार वर्मा पिता-प्रमोद कुमार वर्मा, ग्राम-नियर देवी मंडप रेड़मा, वार्ड न. 03, डालटेनगंज, पलामू 822102 राज्य- झारखण्ड, घायल हुए है। जिसका प्राथमिक संख्या डालटेनगंज थाना काण्ड संख्या- 0438/2024 है। आवेदकों ने आपके विरुद्ध धारा 166 मो.यान.अधि. 1988 के अंतर्गत प्रतिकर हेतु उपरोक्त वाद दाखिल किया है। जो आपकी उपस्थिति हेतु लंबित है। नजारत एवं रजिस्टर्ड डाक द्वारा आपके विरुद्ध नोटिस तामिल नही हो पाया।

अतः इस सूचना के माध्यम से आपको निर्देश दिया जाता है कि दिनांक 09/06/26 को 08:00 बजे आप स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में बाद की सुनवाई आपके विरूद्ध एक पक्षीय की जाएगी। इसे सख्त ताकिद जानें।

आज दिनांक 20/05/26 को मेरा हस्ताक्षर एवं न्यायालय मोहर से जारी किया गया।

मुहर
**ह. पीठासीन पदाधिकारी**
**मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, राँची**

## पृष्ठ 1 का शेष

### शिवनंदनपुर पंचायत चुनाव...

अलग अलग कामों की जिम्मेदारी के साथ जोड़कर रखती है इसलिए हर समय एक साथ उपस्थित होना व्यवहारिक रूप से संभव नहीं होता लेकिन हमारा संवाद हमेशा बना रहता है। बता दें कि सूरजपुर जिले के बिश्रामपुर अंतर्गत नगर पंचायत शिवनंदनपुर में पहली बार चुनाव होने वाला है। इस चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। इस बीच चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन के ऊपर शिकायत के आधार पर आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर लिया गया। एफआईआर दर्ज होने के बाद से ही कांग्रेस हमलावर हो गई है। सोमवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के साथ ही सरगुजा, सूरजपुर जिले के कांग्रेस नेताओं ने थाने के सामने धरना प्रदर्शन शुरू किया था। आर्म्स एक्ट की धारा नहीं हटाए जाने के कारण कांग्रेस ने इस धरना प्रदर्शन को अनिश्चितकालीन आन्दोलन में तब्दील कर दिया और पीसीसी अध्यक्ष दीपक रातभर धरना स्थल पर मौजूद रहे। इतना ही नहीं इस आंदोलन में अपने कार्यकर्ता का साथ देने के लिए प्रदेश के डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव भी देर रात बिश्रामपुर पहुंचे और धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। रात 2.30 बजे तक स्वयं टीएस सिंहदेव, प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज के साथ धरना स्थल पर डटे रहे लेकिन इस आंदोलन के बाद भी पुलिस व प्रशासन की ओर से उनकी बात सुनने के लिए कोई नहीं आया और ना ही किसी प्रकार के बातचीत की पहल हुई। ऐसे में कांग्रेस ने इस आन्दोलन को वृहद् रूप देने का निर्णय ले लिया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने मांग पूर्ण होने तक भूख हड़ताल पर बैठने की घोषणा की, जबकि पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने भी आमरण अनशन पर बैठने की बात कही। प्रदेश के दो कद्दावर नेताओं की घोषणाओं से प्रदेश की सियासत में गर्मी बढ़ गई है।

### प्रजातांत्रिक व्यवस्था की ...

रहेगी। उन्होंने कहा कि यदि सबूत है तो गिरफ्तार करें और यदि प्रमाण नहीं है तो धारा हटाएं। जांच के बाद धारा जोड़ी जा सकती है। हथियार की बरामदगी नहीं हुई, हथियार से वार करने की धारा लगाईं गई। ऐसे में प्रजातान्त्र में चुनाव की व्यवस्था कैसे चलेगी। भाजपा ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स,चुनाव आयोग से चुनाव प्रभावित कराती है। कार्यकर्ता व प्रजातान्त्रिक व्यवस्था की रक्षा के लिए पीसीसी अध्यक्ष ने आन्दोलन का निर्णय लिया है। हम सब उनके साथ हैं। धरना शुरू होने के बाद कोई भी प्रशासनिक अधिकारी हमारी बात सुनने नहीं आया, कोई भी कुछ सुनने को तैयार नहीं है। हिंसा हमारा रास्ता नहीं है इसलिए प्रदेश अध्यक्ष ने क्रमिक भूख हडताल का निर्णय लिया और मैंने अपनी ओर से आमरण अनशन का निर्णय लिया है।

सरगुजा मार्केट

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 07 जून, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर
गायत्री हॉस्पिटल
• सिर, कमर, हाथ, पैर में दर्द, • सिर की चोट (हेड इन्जुरी) • रीढ़ की हड्डी की चोट • ब्रेन ट्यूमर, स्पाईनल ट्यूमर • बच्चों में बड़ा सिर (हाइड्रोसिफेल • पीठ में फोड़ा (मैनिनगोसील) • माइक्रो एण्डोस्कोपी • लकवा, सियाटिका • स्लिप डिस्क आदि का ईलाज

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक -31 मई, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 23 मई 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- दोपहर 02 बजे से रात्रि 8 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज • उठने बैठने में तकलीफ • जमीन पर बैठने में दिक्कत होना • घुटनों में सूजन होना • कंधे की ताकत कम होना • कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण • सुबह जोड़ों में अकड़न होना • चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल में
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### ईंट भट्टा में पलटा ट्रैक्टर, मजदूरी कर रहे तीन किशोर आए चपेट में

**अम्बिकापुर।** विकासखण्ड कुसमी अंतर्गत ग्राम कमलापुर स्थित ईंट भट्ठे में ट्रैक्टर पलटने से तीन किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायल बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया। ग्राम कमलपुर में संचालित ईंट भट्ठे में मंगलवार को गंभीर हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि गांव के कुछ किशोर लम्बे समय से ईंट भट्ठे में ईट ढोने एवं वाहनों में ईंट लोड करने का काम कर रहे हें। रोज की तरह मंगलवार को तीन किशोर ट्रैक्टर की ट्राली में ईट लोडकर रहे थे। इस दौरान अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया तथा तीनों किशोर ट्रैक्टर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर ऊंची-नीची जमीन पर खड़ा था तथा अचानक पलट गया जिससे अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। मजदूरों का शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए तथा गंभीर रूप से घायल किशोरों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया साथ ही उनके परिजन को सूचना दी। घटना से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने बताया कि ईंट भट्टा संचालक द्वारा 10-12 साल के किशोरों से भीषण गर्मी में अमानवीय तरीके से काम कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने मामले की जांच करने एवं दोषी संचालक के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

### शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर 61 हजार का जुर्माना

**अम्बिकापुर।** सरगुजा में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत तीन सवारी वाहन चालन, शराब पीकर वाहन चालन, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई जारी है। इस बीच पुलिस ने 6 अलग अलग प्रकरण में कार्रवाई की जिसमें न्यायालय द्वारा 61 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जानकारी के अनुसार थाना बतौली, उदयपुर एवं यातायात पुलिस के द्वारा वाहन चेंकिंग के दौरान शराब पीकर चारपहिया, दुपहिया वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए एमव्ही एक्ट धारा 185, 184, 30(क), 177 के तहत कार्रवाई की गई है। थाना बतौली पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उलंघन किये जाने पर मोटर साइकिल वाहन क्रमांक सीजी 15 ईडी 6175 के चालक सीतापुर सोन तराई निवासी वर्षीय भूपेन्द्र पैंकरा आ. सुरेन्द्र पैंकरा, थाना उदयपुर पुलिस द्वारा चारपहिया वाहन क्रमांक सीजी 12 बीजे 7332 के चालक कोरबा मोरगा निवासी संजीव सरकार आ. जीवन कृष्ण सरकार, मोटर साइकिल वाहन क्रमांक सीजी 15 ईबी 3368 के चालक उदयपुर सोनतराई निवासी सिंग साय पिता जगदीश राम एवं यातायात पुलिस द्वारा मोटर साइकिल वाहन क्रमांक सीजी 15 ईएफ 6368 के चालक गांधीनगर निवासी संतोष सिंह पिता जदुवर उम्र 34 वर्ष, मोटर साइकिल वाहन क्रमांक सीजी 15 डीवाय 1816 के चालक भगवानपुर निवासी गोलक महालदार पिता हरिदास महालदार उम्र 32 वर्ष, मोटर साइकिल वाहन क्रमांक सीजी 28 एल 4915 के चालक बतौली बेलकोटा निवासी कलिन्दर कुजूर पिता धिवराम कुजूर उम्र 27 वर्ष के विरुद्ध कार्रवाई की गई। थाना बतौली, उदयपुर एवं यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों का डाक्टरी मुलाहिजा कराकर वाहनों को जब्त करने के साथ ही प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा 25 मई को थाना सभी प्रकरणों में कुल मिलाकर 61 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है

### सौर सुजला योजना के तहत खेत में लगाए सोलर पंप को चोरों ने किया पार

**अम्बिकापुर।** सौर सुजला योजना के तहत खेत में लगाए सोलर पंप को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रेम नगर थाना अंतर्गत ग्राम नवापाराकला केरा झरिया निवासी नीरज कुमार साहू आ. राम विलास साहू (21 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि तीन साल पहले खेत में सौर सुजला योजना के तहत 3 एचपी का सोलर पंप लगवाए थे जिसका उपयोग फसल सिंचाई के लिए करते थे। 28 मार्च की दरम्यानी रात को चोरों ने खेत में लगाए गए सोलर पंप, स्टार्टर को चोरी कर ले गए जिसका पता आज तक नहीं चल सका। रिपोर्ट पर पुलिस ने शिकायत की जांच उपरांत अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### चोरों ने घर का दरवाजा तोड़ पार किया 50 हजार कीमत का सामान

**अम्बिकापुर।** गंगापुर निवासी सुभाष कुजूर आ. बी कुजूर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम बढ़नी झरिया स्थित मकान से चोरों ने 19, 20 मई की दरम्यानी रात को घर का दरवाजा को तोड़कर दो नग एलईडी टीवी, एक भरा गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा सहित 50 हजार से अधिक का सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी दूसरे दिन लगी जब बढ़नी झरिया स्थित घर गए तो देखा दरवाजा टूटा व कमरे में सामान बिखरे हुए थे। मकान मालिक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### शराब नहीं पिलाने पर युवक से मारपीट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** गांधीनगर हनुमान मंदिर समीप निवासी सिद्धार्थ त्रिपाठी आ. धनंजय त्रिपाठी (35 वर्ष) 24 मई की रात लगभग 9.30 बजे किसी काम के सिलसिले में शराब दुकान के आगे सुभाषनगर गया था। जैसे ही युवक होटल के समीप पहुंचा तभी विशाल उर्फ छोटू एवं उसका दोस्त मिले। दोनों ने शराब पिलाने की बात कही और नहीं पिलाने पर गाली गलौज करते हुए युवक की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 119(1), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## दूरस्थ क्षेत्रों में बनेंगे 9 विद्युत उपकेंद्र

# ग्रामीण क्षेत्रों में लो-वोल्टेज एवं विद्युत कटौती से राहत के लिए आपस में जोड़े जाएंगे विद्युत उपकेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्रामीण क्षेत्रों में कम से कम विद्युत भार होने के बावजूद भीषण गर्मी में आपूर्ति बाधित होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अभी भी कई गांवों में सिंगल ट्रांसफार्मर है। दशकों पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों में विस्तारित लाइन लम्बी होने के कारण खराबी को सुधारने में कई दिनों का समय लग जा रहा है। विद्युत विभाग ने लम्बे अर्से से चली आ रही इन खामियों को दूर करने की योजना बनाई है।

**खास बात**
- लम्बी विद्युत लाइन की दूरी होगी कम, लगाए जाएंगे अधिक क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर

विद्युत विभाग द्वारा सरगुजा के विभिन्न 6 तहसीलों में विद्युत आपूर्ति के लिए 27 विद्युत उपकेंद्रों की स्थापना की गई है। इनमें कई उपकेन्द्र दशकों पुराने हैं। आवश्यकता के अनुसार समय-समय पर विभाग द्वारा अन्य विद्युत उपकेंद्र भी स्थापित किए गए लेकिन अभी भी समस्या हल नहीं हुई है। समय के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगातार विद्युत की खपत बढ़ रही है। गांवों में नए-नए उद्योग खुल रहे हैं। ग्रामीणों में भी तेजी से विद्युत उपकरणों का चलन बढ़ रहा है तथा खेतों की सिंचाई के लिए किसान बड़ी संख्या में पंप का उपयोग कर रहे हैं। अधिकांश क्षेत्रों की विद्युत लाईन लंबी होने के कारण दूरस्थ गांवों में लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। कोई तकनीकी खामी आने पर विद्युतकर्मी फाल्ट ढूंढने के लिए भटकते रहते हैं। ऐसे में कई दिनों तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। इस संबंध में लगातार शिकायतें मिलने के बाद विभाग ने इस बड़ी समस्वा का स्थाई निराकरण करने का निर्णय लिया है। विभाग ने लम्बी विद्युत लाइन को छोटा करने के लिए विभिन्न 9 स्थानों पर नया विद्युत उपकेंद्र स्थापित करने के साथ ही सिंगल ट्रांसफार्मर वाले उपकेंद्रों में अधिक क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर लगाने एवं सभी उपकेंद्रों को आपस में जोड़ने का निर्णय लिया है। अधिकारियों का कहना है कि उपकेंद्रों के आपस में जोड़ने पर कहीं भी तकनीकी खराबी आने पर तत्काल दूसरे उपकेंद्र से आपूर्ति सुचारू की जा सकेगी। उपकेंद्र में तकनीकी खराबी आने पर किसी भी क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं होगी। इस बदलाव से तकनीकी खामी आने के बावजूद आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी। हालांकि इंटर लिंकिंग का लाभ वनक्षेत्र के दूरस्थ ग्रामों को नहीं मिलेगा। वन क्षेत्र होने के कारण इंटरलिंकिंग के लिए विभाग को अनुमति लेनी पड़ेगी जो आसान नहीं है। योजना के तहत 11 विद्युत उपकेंद्रों को आपस में जोड़ा जाएगा।



### बनेंगे 9 नए विद्युत उपकेंद्र

विभाग द्वारा पूर्व में 9 नए विद्युत उपकेंद्रों की स्वीकृति प्रदान की गई थी जिनका निर्माण चल रहा है। इन विद्युत उपकेंद्रों में केदमा विद्युत उपकेंद्र का निर्माण पूरा हो गया है तथा अतिशीघ्र इसे प्रारंभ करने की तैयारियां चल रही हैं वहीं ग्राम ककनी, तुरिया बीरा, नवापाराकला, कुंवरपुर, केवरा, बासेन एवं नर्मदापुर में उपकेंद्र का काम चल रहा है। विभाग ने विद्युत समस्याओं के निराकरण के लिए ग्राम कंठी, नान दमाली, सुआरपारा, कालीपुर, बोदा, चेंद्रा, भुसु, चलता, सरभंजा में नया विद्युत उपकेंद्र बनाने का निर्णय लिया है। नए विद्युत उपकेंद्र बनने से लंबी विद्युत लाइन छोटी हो जाएगी जिससे विद्युत आपूर्ति की बाधा खत्म हो जाएगी। दूरस्थ क्षेत्रों में चल रही लो-वोल्टेज की समस्याव से भी राहत मिलने का दावा किया जा रहा है।

### बढ़ाई जाएगी क्षमता

पूर्व में बने कई विद्युत उपकेंद्रों में अभी भी 3.5 केबीए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर लगे हैं जिसके कारण खपत बढ़ने पर आपूर्ति बाधित हो जाती है। विभाग ने ऐसे विद्युत उपकेंद्रों की क्षमता बढ़ाने एवं 5 केबीए का पावर ट्रांसफार्मर लगाने का निर्णय लिया है। कम क्षमता वाले विद्युत उपकेंद्र लटोरी, लखनपुर, खमरिया, कुन्नी, नवानगर, महेशपुर में अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर लगाने की तैयारी की जा रही है। पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ने के बाद बिजली गुल होने की समस्या खत्म हो जाएगी। विभाग द्वारा ग्राम घघरी, असकला एवं ब्लॉक मुख्यालय लखनपुर में 132 केवी उपकेंद्र की भी स्थापना की जा रही है ताकि सभी उपकेंद्रों में निर्वाध गुणवत्तायुक्त विद्युत आपूर्ति हो सके।

### तैयार किया जा रहा प्राक्कलन

ग्रामीण क्षेत्रों में 9 नए उपकेंद्रों का प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। कही भी विद्युत आपूर्ति बाधित न हो इसके लिए उपकेंद्रों में अधिक क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर एवं उपकेंद्रों को आपस में जोड़ने की पहल की जा रही है।

-रोशन नागवंशी
ईई, ग्रामीण विद्युत संभाग



# 13 हाथियों का दल पहुंचा मतरिंगा जंगल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट में पूरे साल मौजूद रहने वाले 13 सदस्यीय हाथियों का दल लम्बे समय से वन परिक्षेत्र उदयपुर में भ्रमण कर रहा है। शाम ढलते ही हाथी अलग-अलग दलों में बंटकर आबादी क्षेत्र में पहुंच जा रहे हैं तथा ग्रीष्मकालीन धान की फसल को तबाह कर रहे हैं। हाथियों के भय से भारी दहशत के बीच जीवन यापन कर रहे हैं।

- दहशत में ग्रामीण, वन अमला कर रहा ग्रामीणों को जागरूक

पिछले दो दिनों से हाथियों का दल कराई छापर एवं मतरिंगा जंगल में भ्रमण कर रहे हैं। हाल ही में मैनपाट से एक दंतैल भी मतरिंगा जंगल में दाखिल हुआ है जिससे खतरा बढ़ गया है। दंतैल पूर्व में कभी हाथियों के दल में शामिल हो जाता था तथा कभी लंबे समय तक अकेले घूमता था। दल के साथ भ्रमण करने के दौरान आबादी क्षेत्र में घुसकर घरों में तोड़फ़ोड़ मचाने लगता था। दंतैल के साथ रहने पर दल के अन्य हाथी भी तोड़फोड़ मचाते थे। लोनर दंतैल के पहुंचने के बाद वन अमला विशेष सावधानी बरत रहा है। विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्र के गांवों में नियमित मुनादी करा ग्रामीणों को जंगल एवं खेतों की ओर नहीं जाने एवं रात में कहीं भी आने-जाने से मना किया जा रहा है। बताया जा रहा है वर्तमान में जहां हाथी हैं पास ही में एक होटल है। वन अमले द्वारा ग्रामीणों को नियमित हाथियों की मौजूदगी भी सूचना देने के कारण अभी हाथी कोई क्षति नहीं पहुंचाए है। वन परिक्षेत्राधिकारी फेंकू चौबे ने बताया कि हाथी केदमा, सायर, मतरिंगा, मरई एवं लालपुर क्षेत्र के जंगल में भ्रमण कर रहे हैं। हाथी ग्रीष्मकालीन धान की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को लगातार जागरूक किया जा रहा है साथ ही क्षति का आंकलन किया जा रहा है।

# प्रतापपुर में गहराया डीजल संकट, कई पेट्रोल पंप ड्राई

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

इन दिनों प्रतापपुर के कई क्षेत्रों में डीजल-पेट्रोल आपूर्ति को लेकर भारी अव्यवस्था देखने को मिल रही है।

- किसान जरकिन लेकर भटक रहें दर-दर, खेती-किसानी पर मंडराया संकट

भारत पेट्रोलियम समेत कई पेट्रोल पंपों पर डीजल और पेट्रोल की किल्लत है। कई टंकियां ड्राई बताई जा रही हैं, जिससे किसान, वाहन चालक और जरूरी सेवाओं से जुड़े लोग परेशान हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि खेती-किसानी के इस महत्वपूर्ण समय में किसान डीजल के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। ट्रैक्टर, पंप और कृषि उपकरणों के संचालन के लिए डीजल की मांग बढ़ी हुई है, लेकिन अधिकांश पंपों में या तो डीजल उपलब्ध नहीं है या सीमित मात्रा में दिया जा रहा है। कुछ पेट्रोल पंप संचालकों ने बताया कि उन्होंने तेल कंपनियों को अग्रिम राशि जमा कर दी है, लेकिन ऊपर से पर्याप्त आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। उनका कहना है कि मांग की तुलना में सप्लाई बेहद कम है, जिससे स्थिति बिगड़ रही है। इधर जिला प्रशासन द्वारा 25 मई को जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि सामान्य परिस्थितियों में ड्रम, बोतल और जरकिन में डीजल-पेट्रोल नहीं दिया जाएगा, लेकिन किसानों, रेलवे, सड़क निर्माण, भवन निर्माण और अत्यावश्यक सेवाओं के लिए अनुविभागीय अधिकारी की अनुशंसा पर डीजल उपलब्ध कराया जा सकता है। बावजूद इसके किसानों का आरोप है कि जब वे जरकिन लेकर पेट्रोल पंप पहुंच रहे हैं तो कई डीलर यह कहकर डीजल देने से मना कर रहे हैं कि ऊपर से कोई स्पष्ट आदेश नहीं मिला है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रम और नाराजगी बढ़ती जा रही है। दरअसल हाल के दिनों में देशभर में डीजल की मांग अचानक बढ़ी है। रबी फसल कटाई, खरीफ सीजन की तैयारी और बाजार में बढ़ी खपत के कारण सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों पर दबाव बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल संकट और आपूर्ति दबाव का असर भी भारतीय बाजार पर दिखाई दे रहा है। हालांकि केंद्र और राज्य सरकार लगातार दावा कर रही हैं कि प्रदेश में पर्याप्त पेट्रोल-डीजल उपलब्ध है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। छत्तीसगढ़ खाद्य विभाग के अनुसार राज्य में पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और तेल डिपो से नियमित आपूर्ति जारी है। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर प्रतापपुर, सूरजपुर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में हालात अलग नजर आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि जल्द आपूर्ति व्यवस्था सामान्य नहीं हुई तो खेती-किसानी, परिवहन और आवश्यक सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती हैं।




इस संबंध में फूड इंस्पेक्टर शशि जायसवाल ने बताया कि मामले को लेकर वे अपने उच्च अधिकारियों से चर्चा कर स्थिति स्पष्ट करेंगे। फिलहाल प्रशासनिक स्तर पर आपूर्ति व्यवस्था और निर्देशों को लेकर समन्वय बनाने की कोशिश जारी है।

# रेस्ट ऑफ सरगुजा रेड एवं रेस्ट ऑफ सरगुजा ब्लू ने जीते मैच, आयुष एवं अयांश बने मैन ऑफ द मैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्व.एमएस सिंहदेव फाउंडेशन द्वारा गांधी स्टेडियम में रात्रिकालीन पिंक बॉल टी-20 टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। मंगलवार को प्रतियोगिता में दो मैच खेले गए। पहला मैच रेस्ट ऑफ सरगुजा रेड और अजबनगर के मध्य खेला गया।

रेस्ट ऑफ सरगुजा रेड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 111 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसके जवाब में अजबनगर की शुरूआत अच्छी रही परंतु कुछ समय उपरांत ही सरगुजा रेड की टीम ने अच्छी गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण दिखाते हुए मैच को रोमांचक बना दिया। लगातार विकेट गिरने के कारण अजबनगर की टीम मुश्किल में आ गई। इस तरह रेस्ट ऑफ सरगुजा रेड की टीम ने रोमांचक मैच को दो रन से जीत लिया। मैच के मैन ऑफ द मैच आयुष बंसल को दिया गया जिन्होंने अपनी टीम के लिए 13 रन देकर 3 विकेट लिए। दूसरा मैच सरगुजा टाइगर और रेस्ट ऑफ सरगुजा ब्लू के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सरगुजा टाइगर की टीम ने खराब खेल का प्रदर्शन किया और रेस्ट ऑफ सरगुजा ब्लू के बॉलर अयांश द्विवेदी के हेट्रिक विकेट लिया साथ ही तीन ओवर में सात रन देकर पांच विकेट लिए जिसके कारण सरगुजा टाइगर की टीम मात्र 35 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इसके जवाब में रेस्ट ऑफ सरगुजा के ओपनर बल्लेबाजी रूद्र अभिषेक सिंह के शानदार प्रदर्शन के कारण रेस्ट ऑफ सरगुजा ब्लू की टीम ने चौथे ओवर में ही 37 रन बनाकर मैच जीत लिया। अयांश द्विवेदी को उनके शानदार प्रदर्शन पर 51 सौ रूपए और 500 के अलावा मैच बॉल देकर मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया। आज के मैच के मुख्य अतिथि पूर्व क्रिकेटर संतोष सिंह और कांग्रेस स्पोर्ट सेल के अध्यक्ष रजनीश सिंह तथा मैच के निर्णायक विक्रांत बादी आयुष सिंह ऋतुराज सिंह थे।




# जिले में अवैध खनिज परिवहन एवं भंडारण पर कार्रवाई

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर जिले में खनिज विभाग द्वारा अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज अधिकारी अनिल कुमार साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते तीन दिनों के भीतर सीतापुर एवं लखनपुर तहसील क्षेत्रों में बड़ी कार्रवाई करते हुए कई अवैध भंडारण स्थलों और वाहनों पर कार्यवाही की गई। सीतापुर तहसील अंतर्गत ग्राम प्रतापगढ़, खड़ादोरना, भवराडाड एवं आमाटोली क्षेत्र में जांच के दौरान गौण खनिज रेत के अवैध भंडारण के छह मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की गई। संबंधित भंडारणकर्ताओं को मौके पर नोटिस जारी किया गया। वहीं ग्राम आमादरहा क्षेत्र में एक अवैध ईंट मिट्टी एवं कोयला भंडारण पाए जाने पर भी भण्डारणकर्ता को नोटिस जारी किया गया। विभाग द्वारा अवैध रेत परिवहन करते पाए गए तीन ट्रैक्टर वाहनों को जब्त कर थाना सीतापुर की अभिरक्षा में सौंप दिया है। इसी कड़ी में 24 मई को लखनपुर तहसील के ग्राम भौराडांड में जांच के दौरान अवैध रेत परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर एवं दो टीपर वाहन पकड़े गए। साथ ही अवैध ईंट मिट्टी परिवहन में लगे एक ट्रैक्टर वाहन को भी जप्त कर थाना लखनपुर की अभिरक्षा में सौंपा गया। उन्होंने बताया कि सभी प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21(4) एवं एमएमडीआर की धारा 21(5) एवं 23 तथा छ.ग. खनिज (खनन, परिवहन तथा भंडारण) नियम 2009 के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की गई है। इस प्रकार अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विभाग की कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी।

- भंडारणकर्ताओं को नोटिस जारी, वाहन किए गए जप्त






# म्युल अकाउंट उपलब्ध कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में म्युल अकाउंट के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। एक बार फिर से पुलिस ने देश के विभिन्न राज्यों में की गई ठगी के मामले में संचालित म्युल अकाउंट के संचालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने दस हजार रूपए कमीशन लेकर ठगों को अपना खाता उपलब्ध कराया था।

बता दें कि सरगुजा पुलिस को म्यूल अकाउण्ट आईडीबीआई बैंक खाता क्रमांक 0700104000343329 प्राप्त हुआ था जिसकी जांच करने पर उक्त खाता शहर के प्राइमरी स्कूल गुजरवार निवासी लक्ष्मण नागेश आ. भगलू राम के नाम पर पाया गया। इस खाता नम्बर से गुजरात, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना व तमिलनाडू से साइबर पुलिस पोर्टल में ऑनलाईन शिकायत दर्ज है। म्युल खाते में 5 लाख 73 हजार 999 प्राप्त हुआ था। इसके साथ ही 21 सितम्बर 2024 से 14 अक्टूबर 2024 के मध्य 33 लाख 15 हजार 10 रूपए भी जमा होकर लगातार अन्य खातों में ट्रांसफर हुए हैं। ऐसे में पुलिस के खाता धारक लक्ष्मण नागेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने ऑनलाइन गेम में रकम लेनदेन करने हेतु खाता खुलवाकर देने और लाभ में हिस्सेदारी मिलने पर अपने नाम से खाता खुलवाकर पासबुक, एटीएम व सिम एक व्यक्ति को दिया जिसके एवज में उसे दस हजार रूपए नगद भी मिला था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को बीएनएस की धारा 317(4), 318(4), 3(5) के तहत गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त मोबाईल व सिम जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी, उनि दिलीप दुबे, आरक्षक अरविंद उपाध्याय, रिषभ सिंह, अमृत सिंह सक्रिय रहे।






